# गाँव का प्रशासन

## पाठ्यपुस्तक के आंतरिक प्रश्न

**1. अगर आपके घर में चोरी हो जाती है तो आप किस थाने में जाकर अपनी शिकायत दर्ज करावाएँगी? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-58)**
**उत्तर** अगर हमारे घर में चोरी हो जाती है तो हम अपनी शिकायत अपने क्षेत्र के थाने में लिखवाएँगे।

**2. मोहन और रघु के बीच में किस बात को लेकर विवाद हुआ था? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-58)**
**उत्तर** मोहन के खेत से लगा हुआ ही रघु को खेत है। दोनों के खेत एक छोटी सी मेड़ से अलग होते हैं। रघु ने | मेड़ को थोड़ा आगे बढ़ा लिया था। ऐसा करके उसने मोहन की कुछ ज़मीन अपने खेत में मिला ली और अपने खेत का आकार बढ़ा लिया। इसी बात को लेकर मोहन और रघु के बीच विवाद हो गया।

**3. मोहन को रघु से झगड़ा करने में डर क्यों लग रहा था? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-58)**
**उत्तर** मोहन को रघु से झगड़ा करने में डर लग रहा था, क्योंकि रघु का ताऊ गाँव का सरपंच था तथा उसके पास बहुत अधिक ज़मीन भी थी।

**4. कुछ लोगों ने कहा कि मोहन को पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाना चाहिए जबकि कुछ ने ऐसा करने से मना किया। लोगों ने अपनी राय के लिए क्या तर्क दिए (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-58)**
**उत्तर** मोहन के दोस्त ने सुझाव दिया कि उन्हें स्थानीय पुलिस थाने में जाकर अपनी शिकायत लिखवानी चाहिए, जबकि कुछ लोग पुलिस थाने में शिकायत लिखवाने के विरुद्ध थे। उनका मानना था कि बहुत पैसा बर्बाद हो जाएगा और नतीजा कुछ नहीं निकलेगा। कुछ लोगों का मानना था कि रघु के परिवार वाले पहले ही पुलिस थाने पहुँच चुके होंगे। काफी विचार-विमर्श के बाद यह निश्चित हुआ कि जिन पड़ोसियों की आँखों के सामने यह घटना हुई थी, मोहन उनको लेकर पुलिस थाने जाएगा।

**5. पुलिस थाने में जो भी हुआ उसे एक नाटक के रूप में दिखाइए। फिर यह बताइए कि मोहन, थानेदार या पड़ोसियों की भूमिका निभाते हुए आपको कैसा लगा? क्या थानेदार इस स्थिति को किसी अन्य तरीके से सँभाल सकता था? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-59)**
**उत्तर** छात्र अपने विषय अध्यापक की सहायता से कक्षा में अंदर नाटक का मंचन करें।

**6. अगर आप ग्रामीण क्षेत्र में रहते हैं तो पता कीजिए : आपके क्षेत्र का पटवारी कितने गाँवों के लिए जमीन के अभिलेख रखता है? गाँव के लोग पटवारी से कैसे संपर्क करते हैं? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-59)**
**उत्तर** छात्र स्वयं करें।

**7. खसरा कहलाने वाले इस रिकॉर्ड में पटवारी ने नीचे दिए गए जमीन के नक्शे के मुताबिक सूचनाएँ भरी हैं। इससे पता चलता है कि जमीन का कौन-सा टुकड़ा किसके नाम है। इस रिकॉर्ड और नक्शे को देखिए तथा मोहन और रघु की जमीन से संबंधित सवालों का जवाब दीजिए।**

खसरा 5


| नं. | क्षेत्र हेक्टेयर में | ज़मीन मालिक का नाम, पिता/पति का नाम और पता | यदि बटाई पर है तो दूसरे किसान का नाम और बटाई का हिस्सा | इस साल जोती गई ज़मीन | | | परती ज़मीन | सुविधाएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | फ़सल | क्षेत्र | अन्य फ़सलें | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | |
| 1 | 0.75 | मोहन, वल्द राजा राम गाँव अमरापुरा ज़मीन का मालिक | नहीं | सोयाबीन | 0.75 हेक्टेयर | | | |
| 2 | 3.00 | रघु राम, वल्द रतन लाल गाँव अमरापुरा ज़मीन का मालिक | नहीं | सोयाबीन गेहूँ सिंचित ज़मीन | 2.75 हेक्टेयर | 1.75 | 0.25 | कुआँ-1 चालू |
| 2 | 6.00 | मध्य प्रदेश सरकारी घास का मैदान | नहीं | — | | | | कुआँ-1 चालू चारागाह |

**(क)** मोहन के खेत के दक्षिण में जो जमीन है वह किसी है?

**(ख)** रघु और मोहन की जमीन के बीच की सीमा पर निशान लगाइए।

**(ग)** खेत संख्या 3 को कौन इस्तेमाल कर सकता है?


**(घ)** खेत संख्या 2 और 3 से संबंधित क्या-क्या जानकारी हमें मिल सकती है?




**उत्तर**

**(क)** मोहन के खेत के दक्षिण में रघु की ज़मीन है।

(ख)




**(ग)** खेत संख्या 3 मध्य प्रदेश सरकार का घास का मैदान है इसलिए इसका प्रयोग मध्य प्रदेश सरकार ही कर सकती है।

**(घ)**

**खेत संख्या 2 –** इसे खेत का क्षेत्रफल 3.00 हेक्टेयर है। रघु राम वल्द रतन लाल गाँव अमरापुरा ज़मीन का मालिक है। यह खेत बटाई पर नहीं है इस खेत पर रघुराम स्वयं खेती करता है। इस वर्ष सोयाबीन और गेहूं की फसल 2.75 हेक्टेयर क्षेत्रफल में उगाई गई है खेत में कुआँ भी है जिसके पानी का प्रयोग सिंचाई के लिए किया जाता है शेष 0.25 हेक्टेयर खेत परती जमीन है।

**खेत संख्या 3 –** इस जमीन का क्षेत्रफल 6.00 हेक्टेयर है मध्य प्रदेश सरकार इस जमीन की मालिक है। यह घास का मैदान है यह जमीन बटाई पर नहीं दी गई है। इस जमीन पर कोई फसल नहीं बोई गई है इस जमीन पर कुआँ भी है जो चालू स्थिति में है।

**8. आपको क्या लगता है कि किसानों को इस रिकॉर्ड की जरूरत कब पड़ती होगी? नीचे दी गई स्थितियों को पढ़िए और उन मामलों को पहचानिए जिनमें जमीन के रिकॉर्ड अनिवार्य होते हैं। यह भी बताइए कि वे किसलिए जरूरी हैं?**

**(क) एक किसान दूसरे किसान से जमीन खरीदना चाहता है। (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-61)**

**उत्तर** जब एक किसान दूसरे किसान की जमीन खरीदना चाहता है तो उसे ज़मीन से संबंधित जानकारियों की आवश्यकता होती है कि जमीन का मालिक कौन है, क्षेत्रफल, जमीन बटाई पर है या नहीं इत्यादि। इसलिए जमीन का रिकॉर्ड रखना अनिवार्य होता है।

**(ख) एक किसान अपनी फसल दूसरे को बेचना चाहता है।**

**उत्तर** जब एक किसान अपनी फसल दूसरे को बेचना चाहता है तो इसके लिए भी जमीन के मालिक तथा खेत के क्षेत्रफल की जानकारी की आवश्यकता होती है।

**(ग) एक किसान को अपनी जमीन में कुआँ खोदने के लिए बैंक से कर्ज चाहिए।**

**उत्तर** एक किसान को अपनी जमीन में कुआँ खोदने के लिए बैंक से कर्ज चाहिए तो इसके लिए भी किसान को अपनी जमीन से संबंधित जानकारियाँ बैंक को उपलब्ध करानी होगी।.उस रिकॉर्ड को देखकर ही बैंक कर्ज मंजूर करेगा। इस मामले में भी जमीन के रिकॉर्ड की आवश्यकता है।

**(घ) एक किसान अपने खेतों के लिए खाद खरीदना चाहता है।**

**उत्तर** किसान को अपने खेतों के लिए खाद खरीदते समय पैसों की आवश्यकता होगी। उसे अपनी जमीन के रिकॉर्ड की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**(ङ) एक किसान अपनी ज़मीन अपने बेटे एवं बेटियों में बाँटना चाहता है।**

**उत्तर** जब किसान अपनी जमीन अपने बच्चों में बाँटना चाहता है तो किसान को जमीन के रिकॉर्ड की आवश्यकता होती है ताकि वह बच्चों को उनके हिस्से की स्थिति तथा क्षेत्रफल की जानकारी उपलब्ध करा सके।


**9.**

### एक बिटिया की चाह

विरासत में मिला यह घर
पापा को अपने पिता से
यही घर मिलेगा

मेरे भैया को मेरे पिता से
पर मैं और मेरी माँ,
हमारा क्या?
बता दिया गया है मुझे,
पिता के घर में हिस्से की बात
औरतें नहीं किया करतीं

लेकिन मुझे चाहिए एक घर अपना
बिलकुल मेरा अपना
नहीं चाहिए
दहेज में रेशम और सोना



*स्रोत: रिफ्लेक्शन्स ऑन माई फैमिली, अंजलि मांटेरियो, टिस, मुंबई*

**इस कविता में बेटी की क्या इच्छा बताई गई है?**
**उत्तर** बेटी एक ऐसा घर चाहती है जिसे वह अपना सिर्फ़ अपना घर मान सके अर्थात् वह संपत्ति में हिस्सा चाहती है।

**10. बेटी ने अपने घर की इच्छा क्यों की। कारण बताइए?**
**उत्तर** पुरुषों को घर अपने पिता से विरासत में मिल जाता है, लेकिन महिलाओं को न तो पिता की संपत्ति में हिस्सा मिलता है और न ही पति की संपत्ति में हिस्सा मिलता है, इसलिए बेटी ने घर की इच्छा के रूप में पुरुषों के बराबर अधिकार की माँग की है।

**11. बेटी क्या चीज़ लेने से मना करती है?**
**उत्तर** बेटी दहेज में सोना-चाँदी और रेशम लेने से मना कर रही है और अपने अधिकारों की माँग कर रही है।

**12. अन्य सार्वजनिक सेवाएँ-एक सर्वेक्षण (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज- 62-63)**
इस पाठ में हमने सरकार के कुछ प्रशासनिक कार्यों के बारे में पढ़ा, खासकर ग्रामीण क्षेत्र के संदर्भ में। पहला उदाहरण कानून व्यवस्था बनाए रखने के बारे में था और दूसरा, जमीन के अभिलेखों की व्यवस्था के बारे में। पहले मामले में हमने पुलिस की भूमि का परीक्षण किया और दूसरे में पटवारी की भूमिका का। इनके काम का विभाग के अन्य लोगों द्वारा निरीक्षण किया जाता है; जैसे पुलिस अधीक्षक या तहसीलदार। हमने यह भी देखा कि लोग कैसे इन सुविधाओं का इस्तेमाल करते हैं और उन्हें किस तरह की समस्याएँ आती हैं। इन सेवाओं का उपयोग कानूनों के अनुसार होना चाहिए। आपने संभवतः सरकार के अन्य विभागों द्वारा दी जा रही सार्वजनिक सेवाओं को देखा होगा।

अपने गाँव या क्षेत्र के लिए दी जा रही सार्वजनिक सेवाओं की एक सूची बनाइए-दुग्ध उत्पादक समिति, राशन की दुकान, बैंक, पुलिस थाना, बीज और खाद के लिए कृषक समिति, डाक बंगला, आँगनवाड़ी, बालवाड़ी, सरकारी स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल आदि।

तीन सार्वजनिक सेवाओं पर जानकारी इकट्ठी कीजिए और अपनी अध्यापिका के साथ चर्चा कीजिए कि इनकी कार्य प्रणाली में कैसे सुधार किया जा सकता है। आपके लिए एक उदाहरण आगे दिया जा रहा है।

| सार्वजनिक सभा | अपने उनके काम के बारे में क्या देखा? | नियंत्रण में आने वाले क्षेत्र | इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए उनको क्या करने की जरूरत है | जो यह सब प्रदान करते है उनकी समस्याएँ | लोगों की समस्याएँ | क्या सुधार किए जा सकते हैं? |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राशन की दुकान | यह दुकान खुली हुई थी। तीन लोग आए उनके पास पीले रंग के कार्ड थे। सबने चावल और चीनी खरीदी, मिट्टी का तेल मिला नहीं। | यह दो गाँवों के लिए है। | आपको राशन कार्ड की जरूरत है, यह तहसील के दफ्तर में बनाया जाता है। | मिट्टी के तेल की आपूर्ति पूरी नहीं है। | चावल बड़ा खराब आता है। मिट्टी का तेल तो कभी मिलता ही नहीं। | अच्छा चावल आए। मिट्टी का तेल मिले। राशन की दुकान रोज खुले। |
| स्वास्थ्य केंद्र | | | | | | |
| दुग्ध उत्पादक समिति | | | | | | |

**उत्तर**

| सार्वजनिक सभा | आपने उनके काम के बारे में क्या देखा? | नियंत्रण में आने वाले क्षेत्र | इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए उनको क्या करने की जरूरत है। | जो यह सब प्रदान करते हैं उनकी समस्याएँ | लोगों की समस्याएँ | क्या सुधार किए जा सकते हैं? |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वास्थ्य केंद्र | मरीजों की लंबी पंक्तियाँ केवल कुछ डॉक्टर ही उपलब्ध हैं। | यह दो गाँवों के लिए है | रोगी को कार्ड बनवाना पड़ता है। | स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर की संख्या कम है। | डॉक्टर कम हैं और वे भी समय पर नहीं आते हैं। दवाई उपलब्ध नहीं है। | डॉक्टर की संख्या तथा सुविधाएँ बढ़ाई जाए। |
| दुग्ध उत्पादक समिति | प्रात: काल और सायंकाल दूध दिया जाता है। | केवल एक गाँव के लिए | दूध रखने के लिए बर्तन की आवश्यकता होती है। | दूध ले जाने वाला वाहन कभी-कभी समय से नहीं पहुँचता है। | दूध की कम कीमत तथा दूध ले जाने वाले वाहन का का इंतजार | दूध की कीमत बढ़ाना तथा दूध ले जाने वाले वाहन के देरी से आने की पूर्व सूचना की व्यवस्था |

## प्रश्न-अभ्यास
## (पाठ्यपुस्तक से)

### 1. पुलिस का क्या काम होता है?

**उत्तर** पुलिस का उत्तरदायित्व है कि वह अपने क्षेत्र में हुई चोरी, दुर्घटना, मारपीट और झगड़े आदि की शिकायत लिखे तथा लोगों से घटना के विषय में पूछताछ करे, जाँच-पड़ताल करें और मामलों पर कार्यवाही करे।

**2. पटवारी के कोई दो काम बताइए।**
**उत्तर** पटवारी का कार्य

1. जमीन को नापना और ज़मीन का रिकॉर्ड रखना।
2. किसानों से भूमि कर इकट्ठा करता है और सरकार को अपने क्षेत्र में उगने वाली फसलों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराता है।

**3. तहसीलदार का क्या काम होता है?**
**उत्तर** तहसीलदार का काम

1. तहसीलदार जमीन से संबंधित विवादों को सुनता है।
2. तहसीलदार पटवारी के काम का निरीक्षण करता है और यह सुनिश्चित करता है कि रिकॉर्ड सही ढंग से रखे जाएँ।।
3. तहसीलदार यह सुनिश्चित करता है कि किसान को अपने रिकॉर्ड की नकल आसानी से मिल जाए।
4. तहसीलदार विद्यार्थियों को जाति प्रमाण-पत्र आदि प्रदान करती है।

**4. "एक बिटिया की चाह' कविता में किस मुद्दे को उठाने की कोशिश की गई है? क्या आपको यह मुद्दा महत्त्वपूर्ण लगता है? क्यों?**
**उत्तर** इस कविता में इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की गई है कि पत्नी और बेटी को भी अपने पति तथा पिता की संपत्ति में हिस्सा मिलना चाहिए अर्थात् स्त्री को भी संपत्ति में पुरुषों के बराबर अधिकार मिलना चाहिए। यह एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है, क्योंकि यह समानता के अधिकार से जुड़ा हुआ है। भारतीय संविधान में किसी भी आधार पर भेदभाव प्रतिबंधित किया, लेकिन यह लिंग के आधार पर भेदभाव है।

**5. पिछले पाठ में आपने पंचायत के बारे में पढ़ा। पंचायत और पटवारी का काम एक-दूसरे से कैसे जुड़ा हुआ है?**
**उत्तर** पंचायत गाँवों के विकास के लिए योजनाएँ बनाती हैं तथा उन्हें लागू करती हैं। पटवारी गाँवों के किसानों के खेतों की जानकारी रखता है। पंचायत गाँवों की समस्याओं को दूर करने का कार्य करती है। ये समस्याएँ किसानों के खेतों से जुड़ी हुई भी हो सकती हैं। इस प्रकार पंचायत और पटवारी दोनों ही एक स्तर पर रहकर काम करते हैं।

**6. किसी पुलिस थाने जाइए और पता कीजिए कि यातायात नियंत्रण, अपराध रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस क्या करती है, खासकर त्योहार या सार्वजनिक समारोहों के दौरान।**
**उत्तर** यातायात नियंत्रण, अपराध रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अनेक प्रकार के काम करती है; जैसे-पुलिस थाने में अपराधियों के फोटो के साथ रिकॉर्ड रखना, दिन-रात गश्त लगाना, इत्यादि। यातायात नियंत्रण के लिए चौराहों पर यातायात पुलिस तैनात रहती है, जगह-जगह पर यातायात पुलिस वाहनों की गति की जाँच करती रहती है। वाहन चालकों को सड़क यातायात के नियमों की जानकारी देने के लिए सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाती है। सार्वजनिक समारोहों के अवसर पर पुलिस जवानों की संख्या बढ़ा दी जाती है, साथ ही पुलिस विशेष निगरानी भी करती है।

**7. एक जिले में सभी पुलिस थानों का मुखिया कौन होता है? पता करें।**
**उत्तर** एक जिले में सभी पुलिस थानों का मुखिया उपायुक्त होती है।

**8. चर्चा कीजिए कि नए कानून के तहत महिलाओं को किस तरह फ़ायदा होगा।**
**उत्तर** नए कानून हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 2005 के अनुसार बेटों, बेटियों और उनकी माँ को जमीन में बराबर का हिस्सा मिलेगा।

यह कानून सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लागू है। इस कानून से बड़ी संख्या में औरतों को फायदा होगा। पति या पिता की मृत्यु होने पर वे अपना जीवन निश्चितता से जी सकेंगी।

**9. आपके पड़ोस में क्या कोई ऐसी औरत है जिसके नाम जमीन-जायदाद हो? यदि हाँ, तो उसे यह संपत्ति कैसे प्राप्त हुई?**
**उत्तर** छात्र स्वयं करें।